RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 22

हिसार | बुधवार, 24 अप्रैल, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ 6

## मंगलग्रह पर जाएगी पर वापिस कभी नहीं आएगी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नासा (साभार), 24 अप्रैल :** 22 वर्षीय एलिसा कार्सन दुनिया की पहली अंतरिक्ष यात्री होगी जोकि 2030 में मंगल ग्रह पर जाएगी जरूर परंतु कभी भी वापिस नहीं लौटेगी, क्योंकि वहां से वापिस आने की अभी कोई टेक्नोलोजी विकसित नहीं हुई है। यह एक तरफा यात्रा होगी। इसीलिए वह अपने आप को बचपन से तैयार कर रही है और शादी नहीं करेगी। स्पेस साईंस के विस्तार के लिए वह अपनी कुर्बानी देने जा रही है। कमाल की हिम्मत और ऊंची सोच है।




# 25000 करोड़ के बैंक घोटाला मामले में अजित पवार की पत्नी को क्लीन चिट, शरद पवार के पोते को भी बड़ी राहत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव से पहले पवार परिवार के लिए अच्छी खबर आई है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 25,000 करोड़ रुपये के महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाला मामले में डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को भी क्लीन चिट दे दी है। एनसीपी (अजित पवार) ने सुनेत्रा पवार को बारामती लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है, उनका मुकाबला शरद पवार की बेटी व बारामती की वर्तमान सांसद सुप्रिया सुले से है। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। जिसमें कहा गया है कि जरांदेश्वर शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गुरु कमोडिटी से जरांदेश्वर सहकारी चीनी मिल को किराए पर लेने में कोई अवैधता नहीं हुई है। हालांकि, ईडी ने अपने आरोपपत्र में कहा कि गुरु कमोडिटी और जरांदेश्वर शुगर मिल्स ने पट्टे को सही दिखाने के लिए कागजी



लेनदेन किया था। मामले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू ने 2020 में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी, लेकिन बाद में अजित पवार और उनके भतीजे रोहित पवार की जांच के लिए इसे मामले को फिर से खोलने के लिए ईओडब्ल्यू अदालत गई। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने इस साल जनवरी में दूसरी रिपोर्ट दायर कर मामले को बंद करने की मांग की, जिसमें कहा गया कि इस मामले में अजित पवार सहित किसी के खिलाफ आगे जांच के लिए कोई सबूत नहीं है। हालांकि अब अजित पवार सत्तारूढ़ महायुति के साथ हैं और राज्य के डिप्टी सीएम भी है। ईओडब्ल्यू की यह रिपोर्ट अब सामने आई है। ईओडब्ल्यू ने एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी क्लीन चिट दी है। रिपोर्ट में कहा है कि जब शरद पवार के पोते रोहित पवार ने कन्नड़ चीनी मिल खरीदी थी तो उनकी बारामती एग्रो आर्थिक रूप से मजबूत थी और पैसों की कोई हेरफेर नहीं की गई थी। वहीं, उनकी पार्टी के सहयोगी व पूर्व मंत्री प्राजक्त तनपुरे को भी ईओडब्ल्यू से क्लीन चिट मिल गई है। इस मामले से संबंधित मुंबई पुलिस की मूल एफआईआर में अजित दादा और अन्य नेताओं को आरोपी बनाया गया था। मालूम हो कि अक्टूबर 2020 में जांच एजेंसी ने एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी, तब राज्य में महाविकास अघाडी सत्ता (एमवीए) में थी। लेकिन दो साल बाद उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने के बाद अक्टूबर 2022 में ईओडब्ल्यू ने कहा कि वह अपनी जांच जारी रखना चाहती है।

### शिखर बैंक घोटाला क्या है?

*इस कथित घोटाले से बैंक को कुल 2 हजार 61 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आरोप है कि शिखर बैंक ने 15 साल पहले राज्य की 23 सहकारी चीनी मिलों को लोन दिया था। हालाँकि, ये फैक्ट्रियाँ घाटे के कारण डूब गईं। इसी बीच इन फैक्ट्रियों को कुछ नेताओं ने खरीद लिया। इसके बाद फिर शिखर बैंक की ओर से इन फैक्ट्रियों को लोन दिया गया। तब अजित पवार इस बैंक के निदेशक बोर्ड में थे। इस मामले में अजित दादा के साथ-साथ अमर सिंह पंडित, माणिकराव कोकाटे, शेखर निकम जैसे नेता भी आरोपी है। ईडी भी इस मामले की जांच कर रही है।*

## कूड़े में आग लगाने से बढ़ रही है घटनाएं, सख्ती की जरूरत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** गैर जिम्मेदार लोग जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरों में आग लगा देते हैं। इससे जहां घटनाएं बढ़ रही हैं वहां पर्यावरण भी जहरीला होता जा रहा है। शहर में कई जगह लापरवाह कर्मचारी, दुकानदार या आम नागरिक कूड़े को उठाकर सफाई करने की बजाय वहीं आग लगा देते हैं। यह आग फैल कर कई बार बड़ा खतरा खड़ा कर देती है। समय रहते इस बारे में सख्ती की जरूरत है और जिम्मेदार लोगों को सज़ा मिलनी चाहिए।

## हिसार का आजाद नगर थाना ध्यान दे



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 24 अप्रैल :** आजाद नगर निवासी शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी अनिल वशिष्ठ पर 13 अप्रैल को दो पड़ोसियों ने हमला किया और घायल कर दिया। थाने में उनके द्वारा शिकायत देने के बावजूद अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ। दूसरी और थाने में प्रभारी और इन्वेस्टिगेटिंग ऑफीसर उपलब्ध नहीं थे, परंतु बताया गया है कि मामला सीएलजी यानी कि वरिष्ठ नागरिकों की विवाद समिति को सौंप दिया गया है। शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए उनके खिलाफ एक और पड़ोसी की दरखास्त थाने में दी गई है और उन्हें थाने में बुलाया गया है। श्री वशिष्ठ का कहना है कि उन्हें इंसाफ देने की बजाय प्रताड़ित किया जा रहा है। यदि पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया तो वे सीधा अदालत में दरखास्त देंगे।

# कांग्रेस का घोषणापत्र तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाला : डॉ. कमल गुप्ता

### भाजपा के घोषणापत्र को जनता के लिए व जनता का बनाया बताया मंत्री ने

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं हिसार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने कांग्रेस के घोषणापत्र को तुष्टिकरण का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने शासनकाल में देश को जाति व वर्ग में बांटने का काम किया। दूसरी तरफ भाजपा के घोषणापत्र में हर वर्ग के उत्थान का संकल्प लिया गया और यह घोषणापत्र जनता द्वारा, जनता के लिए बनाया गया घोषणापत्र है।

डॉ. कमल गुप्ता भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान वे कांग्रेस के घोषणापत्र पर जमकर बरसे और कहा कि कांग्रेस ने सदा ऐसा ही किया है। देश को जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रवाद के नाम पर बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकी है परंतु अब देश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस ने तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया और भविष्य में उसके क्या इरादे हैं, ये कांग्रेस के घोषणापत्र में साफ झलक रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज अब मंदिरों में भी जा रहे हैं और घोषणापत्र के माध्यम से चुटकियों में गरीबी दूर करने का वादा कर रहे हैं लेकिन गरीबी दूर करने का वादा उनकी दादी ने किया था, वो तो ऐसा कर नहीं पाई, अब क्या ये युवराज अपनी दादी



भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

से बड़ा नेता है जो गरीबी को चुटकियों में दूर कर देगा।

डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा घोषणापत्र को हर वर्ग का हितैषी व हर वर्ग का उत्थान करने वाला बताया। उन्होंने यह कहा कि यह घोषणापत्र जनता से लिए गए सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। ऐसे में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भाजपा का घोषणापत्र जनता ने जनता के लिए तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है। किसान, मजदूर, युवा व ग्रामीण महिला सहित हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू की है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएं से छुटकारा दिलवाया वहीं फसल बीमा योजना लागू करके किसान वर्ग को नुकसान से बचाया। यही नहीं, सोयल हेल्थ कार्ड लागू करके किसानों की जमीनों का स्वास्थ्य जांचने का अभूतपूर्व योजना भी सरकार ने लागू की। इसके अलावा धारा 370 समाप्त करने, जम्मू में लाल चौक पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करना व आतंकवाद पर रोक लगाकर भी इस सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। भगवान राम मंदिर का निर्माण, जिसकी देशवासी वर्षों से बाट जोह रहे थे, वह भी मोदी सरकार के शासनकाल में पूरा हुआ।

ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार के विरोध बारे पूछे गए एक सवाल के जवाब में डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना सभी का अधिकार है। भाजपा उम्मीदवार अपनी बात रखने के लिए गांवों में जा रहे हैं और गांव वाले अपनी बात रख रहे हैं लेकिन विरोध लोकतांत्रिक व शांतिपूर्वक होना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंहामंत्री अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, मंत्री के मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला व जिला सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।






## सम्पादकीय..........

### भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, साख पर असर...

*भारतीय मसाला कंपनियों पर फिर सवाल का उठना दुखद और चिंताजनक है। सिंगापुर और हांगकांग में कुछ भारतीय मसालों को प्रतिबंधित किया गया है, जिससे भारत में हलचल तेज हो गई है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक, उपभोक्ता व निर्यातक है और भारतीय मसालों पर किसी तरह की आपत्ति से साख पर असर पड़ सकता है। अतः भारत सरकार ने उचित ही सक्रियता दिखाते हुए सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में स्थित भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। सरकार अपने स्तर पर भी जांच कर रही है और निशाने पर आई भारतीय कंपनियों से भी पूरा विवरण मांगा गया है। इन देशों से मसालों को लेकर पहले से शिकायतें आ रही थीं, पर नौबत यहां तक कैसे पहुंची कि प्रतिबंध लगाने की जरूरत पड़ गई? खाद्य उत्पाद के मामले में कंपनियां अक्सर अपने स्तर पर भी शिकायतों का निपटारा करती रही हैं और इन मसाला कंपनियों ने ऐसी क्या लापरवाही बरती कि प्रतिबंध लग गया? शुरुआती शिकायतों या चर्चा से पता चलता है कि सवालों के घेरे में आए उत्पादों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के चलते प्रतिबंध लगाया गया है। क्या मसालों की फसल में कीटनाशकों का उपयोग बढ़ गया है? के या इन कंपनियों ने ज्यादा उत्पादन या मुनाफा लेने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर रखा है? जाहिर है, कंपनियों के पास ज्यादा जानकारी होगी, अतः इनको अपना जवाब जरूर दाखिल करना चाहिए और वह जवाब सार्वजनिक भी होना चाहिए, ताकि तमाम मसाला उत्पादक आगे से सावधानी बरत सकें। ज्यादा आधिकारिक जानकारी सिंगापुर और हांगकांग से मिलेगी। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी भारतीय कंपनी या उसके उत्पाद को अनावश्यक रूप से निशाने पर न लिया जाए। यह देखा जा रहा है कि दुनिया में जैसे-जैसे भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे उनके प्रति शिकायतों में भी इजाफा हो रहा है। ध्यान रहे, जब दुनिया भारत को दवा उत्पादक देश के रूप में जानने लगी, तब कई दवाओं पर कुछ देशों में उंगली उठाई गई। यह स्वाभाविक भी है कि भारतीय उत्पादों को अपना पांव जमाए रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। हमें गौर करना चाहिए, चीनी उत्पादों की गुणवत्ता आम तौर पर कमतर मानी जाती है, पर चीन दुनिया को सर्वाधिक चीजें बनाकर देता है। मतलब, शिकायतें हरेक व्यवसाय का एक पहलू हैं, उनका समाधान करते हुए अपनी उपयोगिता को बनाए रखना होगा। यह समय उदास या हताश होने का नहीं है, बल्कि अपनी कमियों से सीखकर आगे बढ़ने का समय है। सवाल है, क्या मसालों को एथिलीन ऑक्साइड या अन्य हानिकारक रसायनों से बचाया जा सकता है? कृषि के अनेक उत्पादों में अनावश्यक तत्व पाए जा रहे हैं। स्वयं कंपनियां ही उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को बढ़ावा दे रही हैं। अतः अब समय आ गया है, जब भारत में बिक रहे तमाम उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। किसी चीज के अभाव या व्यवसाय के नाम पर गुणवत्ता में ढील नहीं होनी चाहिए। मिलावट को भी कतई मंजूर नहीं करना चाहिए। खाद्य पदार्थों के आवश्यक मानकों को पुनर्निर्धारण अब और जरूरी हो गया है, ताकि भारत एक ज्यादा विश्वसनीय उत्पादक देश के रूप में अपनी पहचान कायम रखे।*

# मानव जीवन के लिए इसलिए जरूरी है अध्यात्म दृष्टि, विकास बनती है सहायक

**अध्यात्म**

एक दृष्टि हरे पत्तों से भरे बाग पर डालिए। हवा की आहट से पत्ते आपस में लड़ रहे, डालों और टहनियों पर खेल रहे हैं। एक बार भरपूर इन्हें देख लीजिए। फिर जब आपसे पूछा जाए कि तुमने क्या देखा? तब इस उत्तर में छिपा है, आपके मानव होने का विकास का क्रम। यहीं से आप मानव विकास के पथ पर चलने वाले बनेंगे, या फिर उसके किनारे गड़े हुए मील का पत्थर बनेंगे। आप यदि उस बाग को देखकर मील का पत्थर बनते हैं, तो मानवता को आपसे विकास की आशा नहीं है। और अगर उस रास्ते पर चलने वाले पग बनते हैं, तो यह पृथ्वी आपकी गति से सामंजस्य बैठाएगी।

ऐसा क्या निहित है उस बाग को देखने में, जिससे हमारे गुण-दोष का पता मिले? अगर आपने उस बाग के हरे पत्तों को देखकर कहा कि यह तो हरे पत्तों का बाग है, और आप केवल रंग पर आधारित ज्ञान को पूरा मानकर ऐसा कहते हैं, तो आप बुद्धिमानी के सबसे निचले क्रम में होंगे। मानवता के विकास की आशा तो छोड़िए, बल्कि वह तो आपसे बचकर निकलने में ही भलाई समझेगी। यदि आपने कहा, यह तो आम का बाग है, तो यह आपकी दृष्टि में पत्ते के रंग-रूप को देखने की विशेषता को दर्शाता है। यानी आपने अपनी समझ इतनी विकसित कर ली है कि आप यह बता सकते हैं कि यह आम का बाग है। आपसे मानवता को थोड़ी आशा जग सकती है, क्योंकि विकास की ओर आपकी दृष्टि हो चुकी है।

अब यदि कोई आम के बाग में लगे आम के पेड़ों की किस्मों को पहचान ले कि यह दशहरी है, यह बनारसी है, यह फलां आम है, तो उसे हम क्या कहेंगे? इसका मतलब है कि उसकी आंखों में रूप, रंग, व्यवहार के अंतर को पहचानने की विशेषता घर कर चुकी है। वह अब केवल रंग या रूप से नहीं पहचानता, वह तो अब व्यवहार, सुगंध जैसे हर अंतर को पहचानने लगा है। यही व्यक्ति मानवता के विकास का सारथी बनेगा। अब बाग से बाहर आते हैं और लोगों को देखते हैं। जो व्यक्ति दो व्यक्तियों में अंतर ही ना कर सके, वह भला कब मानवता के विस्तार का वाहक होगा? केवल बंदर से मानव की शक्ल पाने से कोई मानव नहीं हो जाता। मानव होने के लिए एक दृष्टि चाहिए। लोगों को देखने की दृष्टि, उन्हें समझने की दृष्टि।

हमें इस अंतर को समझना होगा। इंसानों में कोई बेहतरीन गाता होगा, कोई बढ़िया किसान होगा, कोई भागता तेज होगा, कोई खुश बहुत रहता होगा, कोई दुखी होता होगा, कोई बहुत हिंसक होगा, तो कोई चींटी से भी मोहब्बत करता होगा। यह अंतर जो दृष्टि न कर सके, उसे कैसे मानवता के विस्तार का वाहक समझा जाए? और जो मानवता का विस्तार ही न दे सके, उसे कैसे मानव की श्रेणी में रखा जाए?

जो भी व्यक्ति जितना कम समझदार होगा, दो व्यक्तियों के बीच वह उतना कम अंतर समझ पाएगा। यहीं पर हमें अध्यात्म दृष्टि देता है कि व्यक्ति की पूरी शख्सियत देखो। उसके विचार और चिंतन को समझो। सबमें अपने अंतर हैं। हम इस अंतर को समझ सकेंगे, तो हमारे व्यवहार में भी बदलाव आएगा। हम हर व्यक्ति को संपूर्ण मानकर व्यवहार करेंगे। सबसे आसान है, सबको एक जैसा कहकर उनके साथ अपना व्यवहार बनाना। सबसे मुश्किल है, प्रत्येक व्यक्ति के अस्तित्व को मानकर, उनके अनुरूप अपने व्यवहार को दृष्टि देना। जो यह कर लेता है, मानवता उसके पग के साथ बढ़ने लगती है, जो इसमें फंस जाता है, मानवता उसे मील का पत्थर बनाकर आगे बढ़ जाती है।

# सुण मौल्लड़ की



भाजपा ने चुनाव में झोंकी पूरी ताकत।

देहात म्ह हांगा लगाणा पड़ैगा।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। प्यार के मामले में दिन शुभ रहेगा। परिणय चर्चाओं में सफलता प्राप्त होगी।
**वृषभ :** व्यर्थ के विवादों से दूर रहें। कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। वितीय लेन-देन में सावधानी बरतें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।
**मिथुन :** मन में जोश व उत्साह बना रहेगा। विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। सूझ-बूझ व बुद्धि के बल पर सफलता हासिल करेंगे।
**कर्क :** अंजान लोगों पर भरोसा नुकसानदायक हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आएगी। तनाव की स्थिति में कोई भी फैसला लेना मुश्किल होगा। काली माता की पूजा करें।
**सिंह :** अधिकारियों से मेलजोल बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र की उलझने दूर होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।
**कन्या :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में बढ़ोतरी होने की संभावना।
**तुला :** मन में नकारात्मक विचार न आने दें। किसी को धोखा न दें। परिजनों का साथ मिलेगा। सूर्य को जल दें।
**वृश्चिक :** मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। खर्च की अधिकता परेशान कर सकती है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।
**धनु :** कारोबारियों को धन लाभ होगा। सुख सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।
**मकर :** कैरियर में इच्छित प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। कारोबार में विस्तार होने की संभावना।
**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे।
**मीन :** जोखिम के कार्यों से दूर रहें। अफवाहों का शिकार हो सकते हैं। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।



ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# हनुमान जयंती महोत्सव पर हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से निकली शोभा यात्रा



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 अप्रैल :** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट के तत्वाधान में 68वें हनुमान जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आज सायं मंदिर प्रांगण में महोत्सव संयोजक रामबाबू अग्रवाल सीए के नेतृत्व में हनुमानजी की पूजा-पाठ व आरती करके नगर के प्रमुख बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में नगर की प्रमुख संकीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। इनमें गुगन शर्मा एंड पार्टी, श्रीश्याम मंडल, श्रीश्याम जनता मंडल, जयश्रीश्याम मंडल, श्रीहनुमान संकीर्तन मंडल, श्रीसालासर सेवा समिति, एच.के.एस.डी. गर्ल्ज सी. सैके. स्कूल के विद्यार्थी एवं स्टॉफ, श्रीरामायण प्रचारिणी सभा, श्रीदुर्गा बाल संकीर्तन मंडल, श्रीश्याम बाग मंडल, जयश्रीराम प्रभात फेरी मंडल, श्रीप्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट, श्रीश्याम स्नेही मंडल मंदिर बागड़ियान, महिला संकीर्तन मंडल नागोरी गेट, श्याम मित्र मंडल, बालाजी मित्र मंडल आदि ने हनुमानजी, श्रीश्याम बाबा व रामायण पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने बाबा की झांकी के आगे सड़क पर छिड़काव करके झाड़ू द्वारा पूरा रास्ता साफ किया। हनुमान बाबा के अनूठे श्रृंगार के दर्शन करके श्रद्धालु आनंद विभोर हो गए। स्कूली बच्चों ने बैंड द्वारा पीटी शो करके लोगों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा का जगह-जगह आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करके व माथा टेककर स्वागत किया गया। भक्तों में प्रशाद का वितरण किया गया। विभिन्न बाजारों में शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के सम्मान में जलपान दिया गया। पूरे रास्ते भजनों द्वारा हनुमान बाबा का गुणगान किया गया। श्रद्धालु घंटों तक झूमते रहे। पूरा नगर श्रीराम भक्त हनुमानमय हो गया। यात्रा के समापन पर मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव संयोजक रामबाबू अग्रवाल सीए ने सभी संकीर्तन मंडलियों व नगर वासियों का हनुमान जयंती महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लेने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल से 2 मई तक दोपहर बाद 2 बजे से सायं 7 बजे तक मंदिर प्रांगण में नवाह्नपारायण रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा जिसमें पं. गिरधर गोपाल आसोपा व सुशील आसोपा (जोधपुर वाले) प्रवचन देंगे।

## कर्म का मर्म

### अहंकार सिर्फ सेवा से ही मिट सकता

स्वामी विवेकानंद एक डॉक्टर का बहुत सम्मान करते थे। वह उनसे कहते थे कि आप मन, वचन, कर्म और आचरण से संन्यासी हैं, मुझे आपके भीतर बड़े सदे गुणों के दर्शन होते हैं। डॉक्टर साहब बेहद साधारण तरीके से रहते थे। उन्हें देखकर कोई यह अंदाजा नहीं लगा पाता था कि वह कोई बहुत बड़े डॉक्टर हैं। एक दिन वह पैदल अपने दवाखाने जा रहे थे। बारिश होने वाली थी, एक आदमी को अपनी छत ठीक करनी थी। मदद के लिए उसने एक मजदूर को बुलाया था, और दरवाजे पर खड़ा उसका इंतजार कर रहा था। उधर से जा रहे डॉक्टर साहब को सामान्य व्यक्ति समझ उनसे बोला कि छत ठीक करने में आप मेरी मदद कर दें। मजदूर को बुलाया था वह आया नहीं। मैं आपको पारिश्रमिक दे दूंगा। डॉक्टर उस आदमी के कहे अनुसार छत ठीक कराने में लग गए। उसी सड़क से वहां के एक बड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति गुजर रहे थे। डॉक्टर साहब को यह सब करते हुए देख वह बोले, 'यह आप क्या कर रहे हैं?' जवाब मिला, 'आज मुझे रोगियों के इलाज बदले यह काम ज्यादा ठीक लगा। इस सज्जन ने मुझसे सहायता मांगी, सो मैं मदद कर रहा हूं।' जब यह बात झोपड़ी वाले उस व्यक्ति ने सुनी तो वह पानी-पानी हो गया। वह उनके पैर पकड़ कर बोला, 'मुझे नहीं मालूम था कि आप इतने बड़े आदमी हैं।' डॉक्टर साहब ने कहा, 'मैं और मेरे एक मित्र विवेकानंद मानते हैं कि धर्म को किताबों से निकालकर आचरण में ढालना होगा। आपने तो मुझे अपने धर्म को आचरण में ढालने का सुअवसर दिया। मुझे आज बहुत बड़ा लाभ हुआ है।' यह थे बंगाल के प्रख्यात डॉक्टर नाग। बाद में विवेकानंद ने उनकी यह कहानी सुनाई और संदेश दिया कि हम लोगों के जीवन में जो सबसे खराब ग्रह है, वह है अहंकार। और अहंकार सिर्फ सेवा से ही मिट सकता है।



# हनुमान जयंती पर शनि मंदिर, बड़वाली ढाणी में काटा 11 किलो मावे का केक



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 अप्रैल :** श्रीशनिदेव सेवा समिति के तत्वाधान में बड़वाली ढाणी स्थित शनिदेव मंदिर में आज हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। समिति के प्रधान महाबीर सैनी व सचिव रामबीर सैनी ने बताया कि मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया। असंख्य भक्तों ने मंदिर में माथा टेका। सायंकाल आरती के बाद शुद्ध मावे से बना 11 किलो का केक काटा गया। बजरंग बली के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। केक के अलावा देशी घी का हलवा, खीर, जलेबी व आइसक्रीम का प्रशाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के सेवादार सतबीर वर्मा सरक्षक, महाबीर सैनी प्रधान, सुभाष सैनी उप प्रधान, रामबीर सैनी सचिव, कृष्ण सैनी सह सचिव, राजेन्द्र वर्मा कोषाध्यक्ष, पवन गर्ग सह कोषाध्यक्ष, कैलाश गर्ग, कृष्ण खंडेलवाल, बिजेन्द्र बेरीबाल, संजय सैनी, रिंकू सैनी, अमरजीत सोनी, वेद सैनी, राम अवतार, जतिन गोल्डी, धर्मवीर सैनी, सुरेंद्र बागड़ी, सुमित वर्मा, ओम प्रकाश, सुधा रानी, शोभा नेहरु, विकास सैनी, पुजारी हनुमान भार्गव, मनोज शास्त्री सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर तीन बाण धारी मित्र मंडल हिसार ने लगाया विशाल भंडारा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 अप्रैल :** धार्मिक नगरी हिसार शहर में हनुमान जन्मोत्सव के पूर्णिमा के अवसर पर जहां अनेक संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं हिसार शहर की प्रमुख संस्था तीन बाण धारी मित्र मंडल द्वारा शहर के मध्य अग्रसेन चौक पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के फाउंडर साहिल सिंगल ने बताया कि मंडल द्वारा समय समय पर धार्मिक आयोजन तो किए ही जाते हैं साथ ही गरीब बच्चों की पढ़ाई, गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग और भंडारा जैसे अनेक कार्य भी किए जाते हैं। साहिल सिंगल ने बताया कि आज के भंडारा का मुख्य आकर्षण जहां आम राहगीरों ने भंडारा का लाभ लिया वहीं अनेक दुकानदारों सहित लोगों ने अपनी गाड़ियां रोक कर भी इस भंडारा को प्रसाद के रूप में स्वीकार करके इसका आनद लिया। भंडारा वितरण में मुख्य रूप से मंडल के प्रधान राजकिशोर गर्ग, आशीष मित्तल, दीपक मित्तल, विशाल सैनी, दिपुल, नवीन सिंगल, सूरज, हर्ष, पुनीत सिंगल, पाशु, सन्नी, सचिन, हैप्पी, निखिल सहित मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम राज्यस्तरीय जयंती को लेकर कार्तिकेय शर्मा 25 को हिसार में

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 अप्रैल :** भगवान परशुराम जयंती का राज्यस्तरीय समारोह 5 मई को करनाल में धूमधाम से मनाया जाएगा। भव्य समारोह को लेकर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा प्रदेशभर में प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे 25 अप्रैल वीरवार को हिसार के जहाज पुल सिथत ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंच रहे हैं। ब्राह्मण सभा के प्रधान राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि 5 मई के राज्यस्तरीय समारोह को लेकर हिसार जिले में भी व्यापक तैयारियां चल रही हैं। स्वयं सांसद कार्तिकेय शर्मा निमंत्रण देने के लिए 25 अप्रैल को ब्राह्मण धर्मशाला में टीम सहित पहुंच रहे हैं। धर्मशाला में समाज के गणमान्य लोग शिरकत करेंगे।

# 'दान एक हाथ से देने पर अनेक हाथों से लौटकर हमारे ही पास वापस आता है' : स्वामी सत्यानंद महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 अप्रैल :** अखिल भारतीय सोहम् महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में देवी भवन के नए प्रांगण में चल रहे सातदिवसीय संत प्रवचन के पंचम दिवस महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहम् पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द महाराज ने अपने प्रवचनों में दान के महत्व को बारे में बताया कि वेद और पुराणों में दान के महत्व का वर्णन किया गया है। दान से इंद्रिय भोगों के प्रति आसक्ति छूटती है। मन की ग्रंथियां खुलती हैं जिससे मृत्युकाल में लाभ मिलता है। मृत्यु आए, इससे पूर्व सारी गांठें खोलना जरूरी है, जो जीवन की आपाधापी के चलते बंध जाती हैं। दान सबसे सरल और उत्तम उपाय है। किसी भी वस्तु का दान करते रहने से विचार और मन में खुलापन आता है। मोह, आसक्ति कमजोर पड़ती है, जो शरीर छूटने या मुक्त होने में जरूरी भूमिका निभाती है। हर तरह के लगाव और भाव को छोड़ने की शुरुआत दान और क्षमा से ही होती है। दानशील व्यक्ति से किसी भी प्रकार का रोग या शोक भी नहीं चिपकता है। बुढ़ापे में मृत्यु सरल हो, वैराग्य हो इसका यह श्रेष्ठ उपाय है और इसे पुण्य भी माना गया है। दान देना एक पुण्य कर्म है। दान करने से मनुष्य का इस लोक के बाद परलोक में भी कल्याण होता है। दान करने से कर्म सुधरते हैं और अगर कर्म सुधर जाएं तो भाग्य संवरते देर नहीं लगती है। स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि शास्त्रों में ऋषि दधीचि का वर्णन है जिन्होंने अपनी हड्डियां तक दान में दे दी थीं, कर्ण का वर्णन है जिन्होंने अपने अंतिम समय में भी अपना स्वर्ण दंत याचक को दान दे दिया था। दान एक हाथ से देने पर अनेक हाथों से लौटकर हमारे ही पास वापस आता है। बस, शर्त यह है कि दान निःस्वार्थ भाव से श्रद्धापूर्वक समाज की भलाई के लिए किया जाए। दान करने से सभी तरह के दैहिक, मानसिक और आत्मिक ताप मिट जाते हैं। इसलिए अपने यथा संभव श्रद्धा व सामर्थ्य अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। प्रवचनों की श्रृंखला में स्वामी प्रणवानंद और स्वामी अरुणस्वरूप ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर, शिव कुमार गोयल महामंत्री, सावर मल नई अनाज मंडी, बजरंग जिंदल, आत्मा राम गर्ग, राजेंद्र गोयल, सुरेंद्र कुमार, कृष्णगिरि, जगदीश नागपाल, नरेंद्र चोपड़ा, राहुल ऐरन इत्यादि वरिष्ठ नागरिकों ने सन्त का सम्मान करके भगवान की आरती की व उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया।

जापानी चौखट व जंगले ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
JBS ENTERPRISES
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार

u müse
a designer's commune
UPTO
STOCK CLEARANCE
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाने के लिए सप्ताह में एक दिन मनाएं सूखा दिवस : उपायुक्त

**राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर को एक मंगलवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रदीप दहिया ने की।

उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए जरूरी है कि हमें सबसे पहले मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाने के लिए प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस के रूप में मनाना चाहिए। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि अगर इन बीमारियों का वाहक ही नहीं होगा तो यह बीमारी भी अपने आप खत्म हो जाएंगी। घरों के अंदर रखे सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमले इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे एवं लारवा न पनपे। मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया बुखार मच्छरों के काटने से होता है। हमारे घरों में या घरों के बाहर जहां भी गंदा पानी एकत्रित होता है, यह मच्छर वहां प्रजनन क्रिया करके अपनी संख्या बढ़ाते हैं और मलेरिया रोग फैलाते हैं। इस रोग में सर्दी के साथ तेज बुखार होना, सिर दर्द, उल्टी आना और पसीने के साथ बुखार उतर जाना, बुखार उतरने पर जोड़ो में दर्द होना मुख्य लक्षण होते हैं। इस रोग से बचने के लिए अपने घरों व घरों के आस पास गंदा पानी जमा न होने दें। बुखार होने पर तुरंत जांच करवाएं, क्योंकि कोई भी बुखार मलेरिया बुखार हो सकता है।

उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिससे बचाव जरूरी है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में संपर्क करें। चिकित्सक की सलाह से ही दवा खाएं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू एवं मलेरिया से प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग करने के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक भी करे। इसके अलावा इन बिमारियों के मद्देनजर सभी विभाग आपसी तालमेल स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि डेंगू रोकने के लिए घरों के आस-पास गड्ढे को मिट्टी से भरवा दें, पूरी बाजू के वस्त्र पहने, मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें। कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें, छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर रखें। इन बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई, सतर्कता, जागरूकता एवं सावधानी बेहद जरूरी है। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने उपायुक्त प्रदीप दहिया को अवगत करवाया कि गत वर्ष 2023 में मलेरिया के 16 केस तथा 2024 में अभी तक 3 केस, डेंगू के 2023 में 625 तथा 2024 में अभी तक 8 केस तथा चिकनगुनिया के 2023 में 1 तथा 2024 में अभी तक कोई भी केस सामने नहीं आया है।

इस अवसर पर एसीयूटी अर्पित सांगल एवं कनिका गोयल, एसडीएम जयवीर यादव, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुआवजा न देने को षड्यंत्र रच रही सरकार : कुमारी सैलजा

**अधिक आवक बताकर मुआवजा देने की अपनी घोषणा से पल्ला झाडने की तैयारी**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 24 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि बारिश व ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान का मुआवजा न देने के लिए भाजपा सरकार ने षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। प्रदेश सरकार की मंशा मंडियों में अधिक आवक बताकर खराबे का मुआवजा देने की अपनी ही घोषणा से दूरी बनाने की है। जबकि, सच तो यह है कि हरियाणा की मंडियों में सिर्फ प्रदेश ही नहीं, बल्कि भाजपाइयों की मिलीभगत से पड़ोसी राज्यों का भी गेहूं पहुंचा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि मार्च में बर्बाद हुई फसलों का तुरंत मुआवजा देने के बजाए प्रदेश सरकार ने सोची-समझी साजिश के तहत अभी तक मुआवजा देने की कोई समय सीमा तय नहीं की। अप्रैल के मौजूदा महीने में कई जगह गिरदावरी फसल की कटाई के बाद हुई है। यानी, जिन किसानों ने फसल काट ली, उनके खेतों में नुकसान के बारे में सही रिपोर्ट सरकार तक नहीं पहुंचेगी। कितनी ही जगह की तो अभी तक रिपोर्ट भी तैयार नहीं की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं कि मंडी में बेचे गए गेहूं का मिलान नुकसान के ब्यौरे के साथ किया जाएगा, जबकि इस तरह का मिलान सही मायनों में हो ही नहीं सकता। कितने ही मामले ऐसे हैं, जब पोर्टल पर किसानों ने फसल को दर्ज नहीं कराया और वे भी मंडी में बेचने आए हैं। यही नहीं कितने ही किसान ऐसे हैं, जिन्होंने पोर्टल पर कम फसल चढ़वाई हो और बुआई अधिक की हो। ऐसे में मंडी में पहुंचे गेहूं के आधार पर नुकसान का आंकलन करना गलत है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सूचना तो यहां तक मिल रही है कि उत्तर प्रदेश के साथ लगते जिलों की मंडियों में पड़ोसी राज्यों का गेहूं भी खूब पहुंचा है। इसमें भाजपाइयों की मिलीभगत बताई जा रही है, ताकि एमएसपी पर बेचकर मुनाफा कमाया जा सके। ऐसे में इस गेहूं को प्रदेश के किसानों की आवक में जोड़ा जा रहा है, जबकि यह सरासर गलत है। किसानों को खराबे का मुआवजा कम से कम देना पड़े, इसलिए आवक बढ़ाने के उद्देश्य से भाजपा सरकार के इशारे पर ही हरियाणा की मंडियों में अन्य राज्यों से फसल पहुंची है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीमा कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार हमेशा तत्पर रहती है। किसानों को उनके नुकसान की भरपाई की एवज में बीमा कंपनियों को अधिक राशि न जारी करनी पड़े, इसलिए तरह-तरह के हथकंडे गठबंधन सरकार अपना रही है। प्रदेश सरकार वास्तव में किसान हितैषी है तो किसानों ने फसल खराब होने को लेकर जो भी दावे किए हैं, उसके मुताबिक ही उनके नुकसान की भरपाई करवाए।

# हकृवि में अनुसूचित जाति के किसानों को तकनीकी ज्ञान देने हेतु डिजिटल लैब होगी स्थापित, मिली 60 लाख रुपए की अनुदान राशि



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति के किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा उनकी क्षमता निर्माण को मजबूती प्रदान करने के लिए एक डिजिटल लैब की स्थापना की जाएगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 60 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई है। इस लैब में किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। डिजिटल लैब में मौसम संबंधी, अनुदान संबंधी, फसलों में होने वाले नुकसान की जानकारी तथा फसलों में कीट आदि की जानकारी किसानों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यो, विकसित किये जा रहे उन्नत किस्म के बीजों, कृषि संबंधी प्रशिक्षण इत्यादि से प्रदेश के किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है। यह उसी कड़ी में एक कदम है। डिजिटल लैब परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. रश्मि त्यागी ने बताया कि अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि पोर्टल से जुड़ी तमाम जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस लैब के माध्यम से किसानों के समक्ष आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलेगी। परियोजना में सह प्रमुख अन्वेषक डॉ. जतेश काठपालिया, डॉ. विनोद कुमारी, डॉ. जितेन्द्र भाटिया व डॉ. अतुल ढींगड़ा शामिल हैं। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

**हवन व भंडारे के साथ हनुमान मंदिर, जवाहर नगर का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न**

# हृदय में भगवान को धारण करें, काम जरुर पूरा होगा : स्वामी सत्यानंद





-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 29वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई पांच दिवसीय संगीतमयी हनुमान कथा गत मंगलवार को हवन व भंडारे के साथ सम्पन्न हो गई। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका व हवन, सत्संग तथा भंडारे में भाग लिया। मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि समाजसेवी अनिल गोदारा ने सपत्नीक हवन में मुख्य यजमान के रुप में भाग लिया। स्वामी उमानंद के सान्निध्य में हुए हवन में मंदिर के पुजारी पं. घनश्याम जोशी ने मंत्रोच्चारण किये। इससे पूर्व प्रातःकाल अखंड हनुमान चालीसा पाठ का समापन किया गया। सत्यनारायण कथा की गई। हवन उपरांत सत्संग सभा की गई जिसमें स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रवचन दिये। उन्होंने कहा कि हनुमानजी रत्न के समान हैं। संसार में कोई भी काम चाहे कितना भी मुश्किल क्यों न हो, हृदय में भगवान को धारण कर करें, काम जरुर पूरा होगा। इतना जरुर है कि कार्य पूरा करने में बाधाएं भी आएंगी परंतु काम जरुर सिरे चढ़ेगा। यदि भगवान का भक्त अपने हृदय में श्रीराम को धारण किए हुए है तो विश्राम, आराम की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे में राम का कार्य पूरा होने पर ही आराम मिलता है। उनके साथ स्वामी प्रणवानंद व ब्रह्मचारी अरूण स्वरुप ने भी प्रवचन दिये। सत्संग की समाप्ति पर भंडारा चलाया गया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा, सूरजप्रकाश, सुमित मित्तल, राजेश सुखीजा, राजेश अरोड़ा, शिवदयाल वर्मा, अमीरचंद वधवा, ओमप्रकाश चुटानी, दर्शन काठपाल, रोहित राठी, नारायण दास तनेजा, रामप्रताप लेगा, नत्थूराम सैनी, शिवदयाल डेम्बला, गोबिंद मधु, हरबंस ग्रोवर, सुरेन्द्र सिहाग, भीमसैन बवेजा, सुरेन्द्र कटारिया, सुरेश जैन, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चौकी के सामने धरने के बाद हरकत में आई पुलिस, दोनों पक्षों के बीच करवाया समझौता : संजय चौहान

**अध्यापिकाओं से दुर्व्यवहार करने वाले समिति सदस्यों ने पंचायत में मांगी माफी, टॉयलेट के ताले खोले, नए टॉयलेट व रसोई बनवा कर देने की बात स्वीकारी**

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** विभिन्न संगठनों द्वारा अनाज मंडी चौकी के समक्ष धरना दिए जाने के परिणाम स्वरूप मंदिर समिति द्वारा स्कूल पर नाजायज कब्जे, स्कूल अध्यापिकाओं से दुर्व्यवहार व स्कूल की टॉयलेट पर ताले जड़ने आदि के मामले में मंदिर समिति व स्कूल प्रशासन के बीच आज समझौता हो गया। सब्जी मंडी चौकी एसएचओ रिसाल सिंह दलबल सहित वहां मौजूद थे। धरने पर मौजूद जय भीम आर्मी के चेयरमैन संजय चौहान व भीम आर्मी हरियाणा के प्रदीप भानखड़ ने बताया कि मंदिर समिति के जिन लोगों ने स्कूल में जाकर अध्यापिकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया था उन्होंने पंचायत में अध्यापिकाओं से माफी मांगी और स्कूल की जिन टॉयलेट पर ताले लगे हैं उन्हें खोलने और नए टॉयलेट बनवाकर देने की मंदिर समिति ने हामी भरी है। वहीं मंदिर समिति ने कहा कि मंदिर की तरफ बेसमेंट में जो गेट निकाला था उसे भी बंद कर देंगे और स्कूल के लिए नई रसोई भी बनवाकर देंगे। स्कूल प्रशासन ने समिति द्वारा माफी मांगे जाने व अन्य मुद्दों पर भी सहमति जताने पर दोनों पक्षों में समझौता हुआ। संजय चौहान ने बताया कि गत दिवस ही जय भीम आर्मी, भीम आर्मी, बहुजन एकता संगठन सहित अन्य कई संगठन तथा स्कूल की अध्यापिकाएं इस मामले में मुकदमा दर्ज करने व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अनाज मंडी चौकी के सामने धरने पर बैठे थे। संजय चौहान ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा के चेयरमैन से भी फोन पर बात की थी जिस पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। इसके साथ ही हमने हिसार पुलिस प्रशासन को चेताया था कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो हिसार में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और दोनों पक्षों को साथ बैठाकर इस मामले में समझौता करवाया। मंदिर समिति ने माफी मांगने के साथ-साथ स्कूल प्रशासन को जो भी शिकायत मंदिर समिति की ओर से थी उन्हें दूर कर दिया है। इस मौके पर संजय चौहान व प्रदीप भानखड़ के अलावा प्रदीप पंवार, मुन्ना वाल्मीकि, आदित्य आदि मौजूद रहे।

# होली चाइल्ड ई-वेस्ट पर जागरूकता फैलाने वाला अग्रणी विद्यालय बना




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** आज के तकनीकी युग में आए दिन नए-नएइलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट बाजार में आ रहे हैं और लोग कई बार बिना जरुरत के भी दिखावे के कारणअक्सर गैजेट्स बदलते रहते हैं और पुराने गैजेट्स को डंप कर देते हैं। यही कारण है कि 2022 में62 मिलियन टन ई-वेस्ट बढ़कर 2030 तक 82 मिलियन टन हो जाएगा। जिसके बारे में समाज में जानकारी व जागरूकता बढ़ाने की अपनी नैतिक जिम्मेवारी को विद्यालय के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बखूबी निभाया। राहगीरों के लिए यह विषय रोचक व संवेदनशील था। स्कूल प्रबंधक श्री आरएस सिंधु ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को अपनी पृथ्वी के लिए समाज से चिंता साझा करते देखना उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। नाटक के माध्यम से एक ऐसी ज्वलंत समस्या को समाज के सामने लाया गया जिससे बहुत से लोग वाकिफ नहीं है। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता पन्नु दलाल ने नुक्कड़ नाटक की इस पहल को समाज के नजरिए में बदलाव लाने के लिए मील का पत्थर बताया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन विद्यालय के इको क्लब के संचालक श्री सुरेश मलिक और अन्य अध्यापक पूजा, मोनिका, संजना, सुरेंद्र ढाका, नमनदीप कौर की देखरेख में हुआ। बच्चों ने अपने किरदार को बखूबी निभाया।

# डीपीएस, हिसार में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई विभिन्न गतिविधियां




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार में विभिन्न गतिविधियों के साथ आज बड़े ही हर्ष व उल्लास सहित विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। छात्रों ने क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, स्केचिंग, रोल-प्लेइंग, नाटकीयता, निबंध लेखन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी भावाभिव्यक्ति प्रकट की। कक्षा सातवीं ने स्कूल के चारों ओर हरियाली को बढ़ावा देने में तथा प्रकृति के संरक्षण में योगदान देते हुए वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने स्थिरता पर जोर देते हुए खाद्य संरक्षण विधियों के बारे में भी सीखा। इन गतिविधियों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हमारे पृथ्वी ग्रह की रक्षा के महत्व के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस तरह के आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर छात्रों ने न केवल पृथ्वी दिवस मनाया, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी और हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर महत्वपूर्ण सबक भी सीखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती मंजु सुधाकर ने पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास प्राकृतिक वातावरण का ध्यान रखना है तथा अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने हैं तथा उनकी देखभाल भी भली-भांति करनी है, जिससे पृथ्वी हरी-भरी और सुंदर बने और पर्यावरण को सुंदर तथा स्वच्छ बनाने में हम अपना अहम योगदान दे सकें।

# ओ.एस.जी.यू में हुआ मां भवानी का विशाल जागरण



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 24 अप्रैल :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में विगत सोमवार को मां भवानी के विशाल जागरण का अयोजन किया गया। इस खुशी के अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने ओ.एस.जी.यू के पूरे परिवार को बधाई देते हुए कहा की यह जागरण पूरे विश्वविद्यालय के सहयोग से हुआ है और इस जागरण में शामिल हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया। डॉ पुनीत गोयल ने बताया की इस जागरण में विश्वविद्यालय के शिक्षको और विद्यार्थियों के साथ साथ हिसार जिले के अलग अलग गावों एवं शहरो से अनेकों भक्तों ने शिरकत कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी को जागरण की शुभकामनाएं देते हुए कहा की विश्वविद्यालय में पाठ पूजा एवं जागरण समय समय पर करवाए जाते है जिसकी सहायता से विद्यार्थी शिक्षा के साथ साथ भक्ति भाव की तरफ भी प्रभावित होते है। जागरण में देवी देवताओं की प्रतिमा और फूलों के साथ भव्य दरबार सजाया गया जो सभी के मन को काफी पसंद आया। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक और प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने खुशी ज़ाहिर करते हुए जागरण में शामिल हुए सभी को बधाई दी। भजनों और तालियों से विश्विद्यालय प्रगाण गूंज उठा। श्री नरेंद्र चंचल जी के शिष्य श्री रवि चंचल एंड पार्टी द्वारा मां का गुणगान किया गया और झांकियो ने जागरण की शोभा को ओर भी बढ़ा दिया। विश्विद्यालय प्रबंधन ने सभी भागतो के लिए लंगर प्रसाद का विशेष प्रबंध किया था। आए हुए सभी भगतो ने प्रेम और भाव से मां का गुणगान किया। विश्विद्यालय के विद्यार्थियों ने जागरण में अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए सेवा की और भजनों पर सभी ने नृत्य किया। जागरण में सभी विभागों के डीन,इंचार्ज और शिक्षक शामिल रहे। आए हुए मेहमानों ने जागरण और विश्विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। अमृत वेले में मां भगवती की आरती के साथ जागरण को विश्राम दिया गया।

## हिसार भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला का विधायक से इस्तीफा स्वीकार होने पश्चात मंत्री बने रहने पर सवाल

# पूर्व विधायक के तौर पर विधानसभा सचिवालय से पेंशन प्राप्त करने योग्य हालांकि मंत्री के तौर पर राज्य सरकार से वेतन-भत्ते भी प्राप्त करने के हकदार : एडवोकेट हेमंत

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**चंडीगढ़, 24 अप्रैल :** पूरे एक माह का लंबा अंतराल बीते जाने के बाद सिरसा ज़िले की रानिया विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला, जो गत माह 24 मार्च की शाम भाजपा में शामिल हो गए थे जिसके साथ ही पार्टी द्वारा उन्हें हिसार लोकसभा सीट से उम्मीदवार भी घोषित कर दिया गया था, का विधायक पद से त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को स्वीकार किया जाएगा जिस दिन रणजीत उनके समक्ष व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर स्वयं द्वारा गत माह एक मैसेंजर के हाथों स्पीकर को भेजे गऐ तथाकथित त्यागपत्र का सत्यापन करेंगे। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद एवं त्यागपत्र स्वीकार होने की तारीख से ही रणजीत पूर्व विधायक बन जाएंगे।

गत माह 12 मार्च को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गठित नई भाजपा सरकार में रणजीत को कैबिनेट मंत्री भी बनाया गया था एवं 22 मार्च को उन्हें ऊर्जा (बिजली) विभाग और जेल विभाग आबंटित किये गए। रणजीत चौटाला ने विधायक पद के साथ हालांकि कैबिनेट मंत्रीपद से इस्तीफ़ा नहीं दिया है।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि बेशक विधानसभा स्पीकर द्वारा रणजीत चौटाला का विधानसभा सदस्यता से त्यागपत्र स्वीकार करने में एक महीने का लंबा समय लिया गया है, परन्तु अगर उन्हें दल-बदल विरोधी कानून के अंतर्गत सदन की अयोग्यता से बचाना है, तो स्पीकर को रणजीत का विधायक पद त्यागपत्र गत 24 मार्च की पिछली तिथि से ही स्वीकार करना होगा अर्थात वह उसी पिछली तारीख से ही प्रभावी होना चाहिए।

हेमंत ने बताया कि इस सबके बीच एक रोचक परंतु महत्वपूर्ण विषय यह उठता है कि गत माह 24 मार्च से विधायक के तौर पर त्यागपत्र स्वीकार होने के फलस्वरूप रणजीत पूर्व विधायक बन जाएंगे एवं इस कारण वह हरियाणा विधानसभा सदस्य (वेतन, भत्ते एवं पेंशन) कानून, 1975 के अंतर्गत विधानसभा सचिवालय से पेंशन प्राप्त करने के योग्य हो जाएंगे। चूंकि रणजीत वर्ष 1987-90 तक भी हरियाणा की तत्कालीन विधानसभा के सदस्य रहे हैं एवं इस प्रकार उनकी दो कार्यकालों की पेंशन बनती है।

वहीं क्योंकि रणजीत 6 सप्ताह पुरानी नायब सैनी सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं, इसलिए हरियाणा मंत्रीगण वेतन एवं भत्ते कानून, 1970 के प्रावधानों के अंतर्गत वह प्रदेश सरकार सरकार से गैर-विधायक होते हुए भी मंत्री के तौर पर वेतन और अन्य भत्ते (निर्वाचन क्षेत्र भत्ते और टेलीफोन भत्ते को छोड़कर) प्राप्त करने के हकदार हैं जैसे वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सैनी को प्राप्त हो रहे हैं।

हेमंत ने बताया कि हरियाणा विधानसभा वेतन- पेंशन कानून,1974 अनुसार पूर्व विधायक तभी पेंशन प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा अगर वह भारत का राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या किसी प्रदेश का राज्यपाल या प्रशासक बन जाए अथवा संसद के किसी सदन का या पुनः विधानसभा का सदस्य निर्वाचित हो जाए। इसके अतिरिक्त केंद्र या प्रदेश सरकार के अधीन नौकरी कर वेतन प्राप्त करने वाले पूर्व विधायक की भी पेंशन बंद हो जाती है। अब चूंकि प्रदेश सरकार में मंत्रीपद को प्रदेश सरकार के अधीन नौकरी नहीं कहा जा सकता, इसलिए पूर्व विधायक की पेंशन प्राप्त करने के लिए एक गैर-विधायक मंत्री भी योग्य बनता है।

बहरहाल क्या निर्दलीय विधायक पद से त्यागपत्र स्वीकार होने के बाद रणजीत मौजूदा नायब सैनी सरकार में बेरोकटोक कैबिनेट मंत्री बने रह सकते हैं या फिर उस पद से भी उन्हें त्यागपत्र देना पड़ेगा, हेमंत ने बताया कि चूँकि बीती 12 मार्च को मंत्रीपद की शपथ लेते समय रणजीत विधायक थे, इसलिए उस आधार पर तो उनका मंत्रिमंडल से भी त्यागपत्र देना बनता है जो मुख्यमंत्री के मार्फत प्रदेश के राज्यपाल को सौंपा जा सकता है।

हालांकि हेमंत ने यह भी बताया कि विधायक न होते हुए भी कोई व्यक्तिप्रदेश का मुख्यमंत्री या मंत्री नियुक्त हो सकता है बशर्ते उस नियुक्ति के 6 महीने के भीतर वह व्यक्ति विधानसभा का सदस्य अर्थात विधायक बन जाए जैसे वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी भी मौजूदा विधानसभा के सदस्य नहीं है हालांकि वह आगामी 25 मई को निर्धारित करनाल विधानसभा सीट उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। बहरहाल, क्या रणजीत पर भी यह लागू होगा अथवा नहीं, यह देखने लायक होगा।

हेमंत का कहना है कि मौजूदा विधानसभा का सदस्य न होना अर्थात गैर-विधायक होना और वर्तमान विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर पूर्व विधायक होना दोनों में अंतर होता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी 14वीं हरियाणा विधानसभा के आज तक सदस्य ही नहीं है जबकि रणजीत सिंह मौजूदा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर पूर्व विधायक बने हैं। आज तक पहले ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जब प्रदेश का मंत्री विधायक पद से त्यागपत्र देकर मंत्री बना रहा हो हालांकि मंत्रिपद छोड़कर विधायक बना रहना सामान्य बात है।

गैर-विधायक रहते हुए रणजीत चौटाला के अधिकतम 6 महीने तक तक मंत्री बने रहने की अवधि उनके विधायक पद से दिए गये त्यागपत्र के स्वीकार होने की तारिख से ही आरम्भ होगी।

हालांकि इसके लिए उन्हें पुनः कैबिनेट मंत्री के तौर राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाए जाने की भी बात उठती है क्योंकि गैर-विधायक के तौर पर अधिकतम 6 माह मंत्री कार्यकाल उनका ताजा बनता है।

## दो लोकसभा सीटों पर टिकट देकर इनेलो ने बढ़ाया वाल्मीकि समाज का मान : प्रमोद बागड़ी



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** इनेलो ने वाल्मीकि समाज को अम्बाला व सिरसा सीट से टिकट देकर वाल्मीकि समान का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। यह बात इनेलो के वरिष्ठ नेता एडवोकेट प्रमोद बागड़ी ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की दोनों सुरक्षित सीटों सिरसा व अंबाला पर वाल्मीकि समाज के संदीप लोट और गुरप्रीत सिंह गिल को टिकट देकर इनेलो ने यह साबित कर दिया है कि वाल्मीकि समाज को सही मायनों में आगे बढ़ाने का काम इनेलो ही कर सकती है। उन्होंने वाल्मीकि समाज को मान-सम्मान देने के लिए इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और पार्टी प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला का आभार व्यक्त किया है। इनेलो नेता प्रमोद बागड़ी ने कहा कि इनेलो के अलावा किसी अन्य राजनीतिक दलों ने वाल्मीकि समाज की अनदेखी करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब वाल्मीकि समाज को लोकसभा चुनाव में इनेलो को वोट देकर विजयी बनाने का काम करना चाहिए। उनको पूरा विश्वास है कि वाल्मीकि समाज कुरुक्षेत्र सीट पर अभय सिंह चौटाला और हिसार सीट से सुनैना चौटाला को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का काम करेगा।

## प्रथम राज्य स्तरीय टेबल-टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट, 2024 में छाए डीपीसी, हिसार के खिलाड़ी



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** गौरतलब है कि प्रथम राज्य स्तरीय हरियाणा टेबल-टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट जो कि 18 से 21 अप्रैल 2024 तक गुरुग्राम में आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में डीपीएस, हिसार के 7वीं कक्षा के खिलाड़ी मौर्य ने अंडर-13 आयु वर्ग में शानदार खेल प्रदर्शित करते हुए रजत पदक जीता और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्वयं को नामांकित भी करवाया। इसके अतिरिक्त, प्रथम प्रोग्रेसिव ऑपेन टेबल-टेनिस टूर्नामेंट, 2024 में, कक्षा पहली के नवोदित खिलाड़ी द्विज ने अंडर-7 आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मंजु सुधाकर ने दोनों विजेताओं, उनके प्रशिक्षक श्री दीपक और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## सूरत में भाजपा के प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचन इलेक्टोरल बॉन्ड का पहला परिणाम : लाल बहादुर खोवाल

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने जताया आक्रोश



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द होने और भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के लोकसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने के घटनाक्रम पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा ने संविधान व नियमों को ताक पर रख दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जैसे चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में धोखाधड़ी का खेल खेला था, वैसा ही खेल सूरत में खेला गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होना और अन्य आठ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापस लेना स्पष्ट करता है कि यहां पर भाजपा द्वारा षडयंत्र रचा गया है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से जुटाए गए धन का सूरत में इस्तेमाल किया गया है। सूरत में भाजपा के प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचित होना इलेक्टोरल बॉन्ड के पहले परिणाम के रूप में देखा जा सकता है। खोवाल ने कहा कि जनता के समक्ष भाजपा की सच्चाई आ चुकी है। इसलिए लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट में भाजपा षडयंत्रों व ओच्छे हथकंडों का सहारा ले रही है तथा आम भोलीभाली जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में जनता निश्चित ही कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताएगी और कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाकर जनहित की नीतियों को लागू करेगी।

## जनता के सवालों से भागने की बजाय उनका जवाब दें भाजपा-जजपा के लोग : किरमारा




**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर जनता किरमारा ने भाजपा व जजपा के नेताओं को सलाह दी है कि वे जनता के सवालों से भागने की बजाय उनका जवाब दें। वास्तव में जनता, खासकर किसान वे ही सवाल कर रहे हैं जो भाजपा व जजपा के नेताओं को तीन या चार साल पहले सुनने चाहिए थे, लेकिन सत्ता के घमंड में इन्हें कुछ सुनाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र सहित हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतकर भाजपा-जजपा को घर का रास्ता दिखा देंगे। दलबीर किरमारा ने कहा कि किसानों सहित जनता के हर वर्ग ने भाजपा व जजपा के नेताओं को अपनी आवाज सुनाने का प्रयास किया। कर्मचारियों, आंगनवाड़ी वर्करों, आशा वर्करों, किसानों व मजदूरों सहित हर वर्ग ने अपनी जायज मांगों के हल के लिए आंदोलन किए लेकिन सत्ता के नशे में भाजपा व जजपा के नेताओं को कुछ सुनाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा व जजपा के नेताओं को जनता के सवालों से भागना नहीं चाहिए बल्कि जवाब देना चाहिए। आप नेता ने किसानों, मजदूरों, आंगनवाड़ी व आशा वर्करों सहित आम जनता से आह्वान किया कि वे भाजपा शासन के 10 वर्षों में हुई ज्यादती को भूलने की बजाय याद रखें और भाजपा-जजपा के खिलाफ मतदान करके उन्हें सत्ता से बाहर करें ताकि वे फिर कभी कोई ज्यादती न कर पाएं।

## मतदान



*-पाठकपक्ष डेस्क-*

*सब मिलकर करें लोकसभा का मतदान।*
*मजबूत करें देश का लोकतंत्र और संविधान।।*

*सैंकड़ों कुर्बानियों की देन, वोट का अधिकार,*
*स्वयं के विवेक से करें वोट का भुगतान।।*

*संविधान में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार,*
*बिना दबाव, प्रलोभन और भयमुक्त हो करें मतदान।।*

*पोलिंग बूथ का युद्ध लड़ों, मत के हथियारों से,*
*मतदान के भीतर है, लोकतंत्र की जान।।*



*जनता के मत से नेता चुने जाते जनता के लिए,*
*नेता नहीं नीति बदले खुशहाल हो मजदूर-किसान।।*

*अपनी स्वेच्छा से चुनों अपनी पसंद का नेता,*
*हर नागरिक निर्भीक हो स्वतंत्रता से करें मतदान।।*

***-साहित्यकार, सरदानन्द राजली***

## किसानों पर मुकदमे दर्ज करके गिरफ्तार करना बंद करें सरकार : किसान सभा

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार व तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन किसान नेताओं को घरों से गिरफ्तार करके मुकदमे बनाना बंद करें अन्यथा किसान सभा इसका डटकर विरोध करेगी। किसान नेताओं ने कहा कि 11 अप्रैल को किसान नारनोंद की जाट धर्मशाला में व 22 अप्रैल को कैमरी गांव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आगमन पर उनसे अपनी बात कहने के लिए गए थे, परंतु पुलिस प्रशासन ने कैमरी गांव के 11 किसानों को 21 अप्रैल की रात घरों से गिरफ्तार कर लिया। जब किसान नेताओं ने इस गिरफ्तारी को लेकर प्रशासन से बातचीत करनी चाही तो उन्हें भी गिरफ्तार करके मुकदमे दर्ज कर लिए गए। किसान नेताओं ने कहा कि वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने किसानों और मजदूरों को आश्वासन दिया था कि किसान कर्ज मुक्त होंगे, किसानों के बच्चों को रोजगार दिया जाएगा, बुढ़ापा पेंशन 5100 रुपये होगी, एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी, किसानों को 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके ठीक विपरीत किसानों की भूमि अधिग्रहण करके जमीन धनाढ्य लोगों को देने का कानून बनाया, किसान आंदोलन में 750 किसानों की शहादत हुई, कोई एमएसपी नहीं मिला, किसानो को फसल बेचने के लिए पोर्टल व्यवस्था लागू कर दी जो कभी खुला ही नहीं, सेना को अग्नि वीर के नाम से खत्म करना, रेल, जहाज, शिक्षा, कोयला देश के अन्य खनिज बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देना। इन सभी मांगों का जवाब आज इस प्रदेश में देश की जनता भाजपा सरकार से मांग रही है। तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा व सचिव रमेश मिरकां ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों की मांगों को दरकिनार करके केवल चुनावी जुमले छोड़ रही है। किसान सभा प्रत्येक राष्ट्रीय दलों के लोकसभा प्रत्याशियों से गांव के चौक में उनके घोषणा पत्र पर किसानों और मजदूरों की समस्याओं और रोजगार पर खुली बहस करेगी व पिछले घोषणा पत्र पर जवाब मांगेगे। किसान सभा किसानों व मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ती रहेगी। सरकार की किसी धमकी या दबाव में आकर पीछे नहीं हटेगी। किसान सभा संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक गांव में सभाएँ करेगी।

# शिक्षकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगी नई शिक्षा नीति-2020, पर देश की शिक्षा व्यवस्था में होंगे अहम बदलाव

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली सहित देश के कई विश्वविद्यालयों ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी है। यह शिक्षा नीति लागू होने के बाद देश की शिक्षा व्यवस्था में कई अहम बदलाव आने की संभावना है। हो सकता है शुरुआती दौर में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़े, लेकिन जब वास्तविक तौर पर नई शिक्षा नीति को लागू किया जाएगा तो शिक्षा में बेहतर बदलाव देखने को मिलेंगे। शुरुआती दौर में टीचर्स ट्रेनिंग का अभाव नई शिक्षा नीति को जरूर प्रभावित कर सकता है।

**समग्र और बहु-विषयक शिक्षा**

नई नीति शिक्षा के प्रति अधिक समग्र और बहु-विषयक दृष्टिकोण की ओर बदलाव पर जोर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि छात्रों के पास विषयों और पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला चुनने की लचीलापन होगी,जिससे उन्हें अपनी रुचियों और प्रतिभाओं को अधिक स्वतंत्र रूप से तलाशने का मौका मिलेगा।

**कौशल विकास पर जोर**

यह नीति 21वीं सदी के कौशल जैसे आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, संचार और सहयोग विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित करती है। कौशल-आधारित शिक्षा की ओर इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को कार्यबल की बदलती जरूरतों के लिए अधिक अनुकूलनीय और बेहतर तैयार करना है।

**पाठ्यचर्या और मूल्यांकन में सुधार**

नई नीति पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणालियों में महत्वपूर्ण सुधार का प्रस्ताव करती है। इसका मतलब यह हो सकता है कि रटकर सीखने से हटकर अधिक अनुभवात्मक और परियोजना-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया जाए। मूल्यांकन प्रक्रियाएँ भी अधिक सतत और व्यापक हो सकती हैं, जो केवल शैक्षणिक प्रदर्शन के बजाय छात्र के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं।



**शिक्षक प्रशिक्षण की कमी आड़े आएगी**

नई शिक्षा नीति में शिक्षक प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल और उपकरण प्रदान करके शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना है। पर नीति लागू करने से पहले शिक्षकों की ट्रेनिंग का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

**प्रौद्योगिकी का एकीकरण**

यह नीति सीखने के परिणामों को बढ़ाने और शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के लिए शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण को बढ़ावा देती है। इसका मतलब शिक्षण, सीखने और मूल्यांकन के लिए डिजिटल उपकरणों और प्लेटफार्मों को अपनाना, साथ ही पारंपरिक कक्षा निर्देश के पूरक के लिए ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करना हो सकता है।

**अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा**

शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देती है। यह देश में नवाचार को बढ़ावा देने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

**समावेशी शिक्षा पर बल**

नई शिक्षा नीति विकलांग छात्रों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों सहित विविध शिक्षार्थियों की जरूरतों को को पूरा करके समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी केंद्रित है। सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करने और उनकी समग्र भलाई सुनिश्चित करने के प्रयास नीति के प्रमुख तत्व हैं।

**लचीला और आजीवन सीखना**

नीति में अधिक लचीले और आजीवन सीखने के दृष्टिकोण की कल्पना की गई है। जिससे विद्यार्थियों को अपने जीवन और करियर के विभिन्न चरणों में शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। इसमें पूर्व शिक्षा की मान्यता, कौशल और ज्ञान के लिए क्रेडिट की स्थापना और वयस्क शिक्षा और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना शामिल है।

**-डॉ. संदीप सिंहमार**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार**

# नशे का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महिला शाखा ने नुक्कड़ नाटक आयोजित किए




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** आईएमए हिसार की महिला डॉक्टर शाखा ने नशे की बीमारी के दुष्प्रभाव एवं इससे बचाव के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से आज ऋषि नगर पार्क में नुक्कड़ नाटक आयोजित किये। ऋषि नगर के मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने बहुत ही अच्छा अभिनय किया और बहुत बढ़िया संदेश दिया। इस अवसर पर आईएमए महिला शाखा की अध्यक्ष डॉक्टर रेनू भाटिया ने समाज में नशे की कुरीति के खिलाफ प्रचार करने के लिए सबको इस महान कार्य में सहयोग देने की अपील की। आईएमए हिसार की महिला डॉक्टर शाखा इस प्रकार के नुक्कड़ नाटकों का आयोजन शहर के 20-25 स्थानों पर करेगी। इन आयोजनों में सहयोग के लिए महिला डॉक्टर शाखा अपने मुख्य संरक्षक डॉ. कमल गुप्ता का तहेदिल से शुक्रिया किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान डॉक्टर अजय महाजन विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ जसवंत राय बंसल, अध्यक्ष आई एम ए हिसार और डॉ रामबख्श शर्मा, सचिव आईएमए और डॉ रेणु भाटिया, अध्यक्ष महिला डॉक्टर शाखा ने पुलिस व प्रशासन से सक्रिय सहयोग की अपील की है। महिला शाखा की सचिव डॉक्टर नवदीप ने स्कूल के प्रिंसिपल और बच्चों का आभार व्यक्त किया।

## दी आर्यन स्कूल में 'अर्थ डे' के अवसर विशेष सभा आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** कैमरी रोड़ स्थित दी आर्यन स्कूल में 'अर्थ डे' के अवसर पर कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शब्दों व रोचक तथ्यों के माध्यम से धरती के अस्तित्व व महिमा का बखान किया। मूक अभिनय के सुंदर मंचन के माध्यम से वर्तमान समय में धरती की व्यथा व दर्द को बयां करते हुए पर्यावरण को बचाने हेतु व अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। धरती जो न केवल सुख संपदा व सुखों से परिपूर्ण करती है बल्कि एक माँ की तरह हमारे समस्त दुखों को अपने आँचल में सिमेट लेती है। आज उसी धरती पर संकट गहराता नजर आ रहा है। आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने इसी संकट से धरा को बचाने हेतु प्रण भी लिया व सही अर्थो में अर्थ डे मनाने का उद्देश्य बताया। विद्यालय निदेशक श्री अनिल गोयल ने धरती माँ की खोई गरिमा को लौटाने के लिए बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया व पेड़ों को जीवित रखने के लिए उनकी निरंतर देखभाल करने को कहा। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता भंडारी व श्रीमत्ती कामना तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयास को सरहाते हुए उनकी प्रशंसा की।

## इलाके की आवाज उठा सकने वाले लोगों को संसद में भेजे जनता : नैना चौटाला

### कहा-बड़ी पार्टियों के प्रत्याशी अपने आकाओं की खुशामद में निकाल देते हैं पाँच साल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** बड़ी पार्टियों की चकाचौंध से प्रभावित होकर हमें पांच साल तक जनता के बीच से गायब रहने वाले लोगों को संसद में नहीं भेजना चाहिए बल्कि ऐसे उम्मीदवार को जिताएं जो संसद में अपने इलाके के हकों के लिए हुंकार भर सके। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि सांसद बनकर दुष्यंत से भी ज्यादा काम करके दिखाऊंगी और किसान, कमेरे, गरीब, मजदूर की आवाज को संसद में पुरजोर तरीके से उठाउंगी। यह बात हिसार लोकसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती नैना चौटाला ने आज हिसार शहर में प्रचार अभियान के दौरान मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कही। जजपा प्रत्याशी ने आज हिसार शहर के सेक्टर 14, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, राजीव नगर, मुल्तानी चौक, गोविन्द नगर, अर्बन इस्टेट, बड़वाली ढाणी, शांति नगर, टिब्बा दानाशेर, लाजपत नगर में जोरदार प्रचार अभियान चला कर मतदाताओं से वोटों की अपील की। इस दौरान कपिल जिंदल, विपिन गोयल, भूषण कुकडेजा, कुनाल कथूरिया, सुनीता रानी, संदीप मेहता, श्रवण बागड़ी, ओमप्रकाश गहलोत, सुभाष ठाकुर आदि के आवास पर आयोजित जलपान कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। प्रचार अभियान के दौरान जगह-जगह पर नैना चौटाला का फूल मलाएं पहना कर, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विशेषतौर पर महिलाओं ने मंगलगीत व लोकगीतों पर झूमते हुए अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। श्रीमती नैना चौटाला ने कहा की राष्ट्रीय पार्टी के नेताओं को अपने आकाओं की खुशामद से ही फुर्सत नहीं होती क्योंकि उनकी सारी राजीनीति ही इस पर टिकी होती है तो भला वे जनता का क्या भला कर सकते हैं। इसलिए पांच साल तक आपको वे सांसद ढूंढने से भी नहीं मिलते। क्षेत्रिय दल जनता के बीच रहते हैं और उनका दुख दर्द भली भान्ति समझते हैं। इसलिए आने वाली 25 मई को जनता समझदारी से काम लेकर जजपा प्रत्याशियों को अपना पैरोकार चुनेगी। इस अवसर उनके साथ मुख्य रूप से जजपा जिलाध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी मा. ताराचंद, डॉ. अजीत ओडीएम, सुनील मुंड, अनिल शर्मा भोजराज, तरुण गोयल, राजेंद्र चुटानी, विपिन गोयल, महिला जिलाध्यक्ष सुमित्रा मंगाली, चित्रा डाबड़ा, सतबीर कस्वां, जितेंद्र भ्याना, रवि आहूजा, नरेन्द्र कुकरेजा, गुड्डू भाई लहंगेवाला, रमेश बैनिवाल, मोहित अरोड़ा आदि मौजूद थे।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत से लोगों की जान चोटिल होने या आपदा आने पर डॉक्टरी चिकित्सा मिलने के इंतज़ार में चली जाती है, अगर मदद नहीं मिलने की स्थिति में सामान्य जानकारी के आधार पर भी हम उपचार करें तो हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है।कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर रेडक्रॉस सोसाइटी हिसार से कुलदीप सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को प्राथमिक उपचार की उचित जानकारी अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को बताया कि खून बहने की स्थिति में पट्टी करना, घायल व्यक्ति को पानी न पिलाना, हार्ट अटैक होने के लक्षणों को पहचानकर व्यवहार करना, सीपीआर देना जैसी जानकारी होना आवश्यक है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक सामूहिक और समन्वित प्रयास है जिसमें प्राथमिक चिकित्सा के बारे में उचित जानकारी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि आज के समय में लोग एक दूसरे की मदद करने में झिझकते है जबकि प्रत्येक व्यक्ति को दुर्घटना के समय एक दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए और हस्पताल पहुंचने से पहले मरीज को दी जाने वाली प्रत्येक उपचार सही व उचित जानकारी के आधार पर देना चाहिए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की रेडक्रॉस काऊंसलर सुमन शर्मा के नेतृत्व में 100 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के छात्र ने पास की आईएएस परीक्षा



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 24 अप्रैल :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के सभागार में महाविद्यालय के पूर्व छात्र देवाशीष बिंदल के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की अध्यक्षता में देवाशीष बिंदल की इस असाधारण उपलब्धि के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। देवाशीष बिंदल ने दयानन्द महाविद्यालय से स्नातक व अंग्रेजी में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 301 रैंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि देवाशीष बिंदल ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से प्रतिष्ठित व सम्मानित ओहदे को प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। उनकी माता डॉ. गीता रानी बिंदल इसी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से शिक्षक पद से सेवानिवृत हुई हैं। उन्होंने देवाशीष बिंदल व उनकी माता डॉ. गीता रानी बिंदल को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। देवाशीष बिंदल ने अपने संबोधन में अपने प्राध्यापकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपनाया गया अनुशासन व मेहनत उन्हें हर कदम पर अपनी मंजिल को पाने में सहयोग देते हैं। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. यशु राय तायल ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से किया गया समय प्रबंधन सदैव सफलता की ओर ले जाता है और ऐसा ही देवाशीष ने भी किया। डॉ. गीता रानी बिंदल ने भी देवाशीष के मन में ज्ञान के प्रति कृत संकल्पित होने के भाव को साक्ष्य दिया और देवाशीष के मातृत्व को प्राप्त कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग उपस्थित थे और सभी ने देवाशीष को साधुवाद दिया।

## श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हनुमानजी व स्वामी गणेशानंद जी महाराज' के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 24 अप्रैल :** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड हांसी, में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव व श्री सनातन धर्म संस्था के संस्थापक 'आचार्य महामंडलेश्वर त्याग मूर्ति अनंत श्री विभूषित स्वामी गणेशानंद जी महाराज' के जन्मोत्सव पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या श्रीमती रेनू बंसल ने हनुमान जी व स्वामी गणेशानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विद्यालय की 11वीं की छात्रा चाहत, तमन्ना ,सान्या ने गीता के ग्यारहवे अध्याय का श्लोक का उच्चारण कर गीता के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय अध्यक्ष श्री प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, महामंत्री श्री नकुल कुमार अग्रवाल, उपप्रबंधक श्री रजत कुमार अग्रवाल ने समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्र एवं छात्राओं को हनुमान जन्मोत्सव व स्वामी जी के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए स्वामी जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

## बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 24 अप्रैल :** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल हांसी के प्रांगण में, श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके तथा गणेश वंदना से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दी। विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा तथा श्री राम नाम का जाप बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। इसके अतिरिक्त अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिससे सारा विद्यालय प्रांगण भक्तिमय से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कंसल ने कहा कि जन्मोत्सव किसी देवीय शक्ति का मनाया जाता है जबकि जयंती किसी साधारण व्यक्ति की। उन्होंने बताया कि हनुमान जी ने माता सीता को श्री राम के लिए अपनी माँग में सिन्दूर लगते हुए देखा तो उन्होंने भी भक्ति भाव में अपना पूरा शरीर सिन्दूरी कर लिया और राममयी हो गए। इसके पश्चात स्कूल की प्रशासिका श्रीमती लवली चावला ने सभी को हनुमान जयंती की बधाई दी तथा कहा कि हर बच्चा जिसमे अपने माता - पिता, गुरुजन व स्वामी के प्रति श्रद्धा भाव व अपने कार्य के प्रति समपर्ण की भावना है उसमे हनुमान जी का वास है तथा हर इंसान को अपने कार्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। अंत में हनुमान जी की आरती से कार्यकर्म का समापन हुआ।

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 24 अप्रैल :** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, हांसी के परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र सिंह, प्राइमरी विंग इंचार्ज सुमन झाम्ब, डीपीई बलजीत सिंह व अन्य अध्यापक वर्ग उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आठवीं कक्षा से खुशी ने हनुमान जी के जीवन पर अपने वक्तव्य के माध्यम से ओजपूर्ण वाणी में प्रकाश डाला, दूसरी कक्षा से गर्वित ने सारगर्भित कविता प्रस्तुत की व हर्षा ने हनुमान जी के जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान से संबंधित रोचक प्रश्न पूछ कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। नवमी से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों द्वारा श्री राम स्तुति व हनुमान चालीसा का भक्तिमय पाठ किया गया। साथ ही दूसरी व तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 'झूम झूम नाचो रे भक्त हनुमाना' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया व कुदरत, तनु, परिधि व समीक्षा द्वारा 'बालाजी थारा दरबार अच्छा लागो सा' भजन की मनमोहक भक्तिमय अभिव्यक्ति दी। प्राचार्य महेंद्र सिंह ने बताया कि हनुमान जी भक्त शिरोमणि संकट मोचन भगवान है इनके स्मरण मात्र से सभी विपदाओं व संकटों का निवारण होता है। विद्यार्थियों को भी बाल्यकाल से ही प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, चंद्रभान गर्ग, प्रकाश बंसल, नकुल अग्रवाल व रजत अग्रवाल ने समस्त विद्यालय परिवार को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी।







डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**बेदखली सूचना**

मैं, चम्पा देवी पत्नी श्री तारादत, निवासी मकान नं. 14-बी ब्लॉक-के, वार्ड नं. 25 न्यू माडल टाउन एक्सटेंशन, हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र ललित मोहन व उसकी धर्मपत्नी स्मिता देब मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

**Name Change**

I, Harish Singal son of Shri Devki Nandan resident of House No. 40, Green Park, Near Session House, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Harish to Harish Singal for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I, Ramesh Kumar S/o Sh. Diwan Singh R/o 410, Chobara (61), Fatehabad, Distt. Fatehabad (Haryana) declare that I have changed my name from Ramesh Kohar to Ramesh Kumar for all future purpose.

- Deponent

# मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत हर वर्ग को मिला लाभ : रणजीत सिंह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत पूरा देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन बना चुका है। भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी नीतियों का लाभ हर वर्ग को मिला है और देश की जनता इन नीतियों को लागू रखने के लिए फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। रणजीत सिंह बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सभाएं करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार ऐसी सरकार बनी है, जिसने हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर काम किया है। यही कारण है कि हर वर्ग के हित में कोई न कोई नीति अवश्य बनी है और उस वर्ग को उसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण, गरीब व जरूरतमंद जनता को ध्यान में रखते हुए काम किया है और आज इन वर्गों में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का चाव है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों का दौरा किया है और हर क्षेत्र में उन्हें भरपूर सहयोग व सम्मान मिला है। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता के सहयोग व साथ को सवाया करके लौटाने का प्रयास करेंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह ने नलवा हलके के न्योली कलां, मात्रश्याम सहित दर्जनों गांवों का दौरा करके वोटों की अपील की। उनके साथ मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भूपसिंह, अनवेश यादव, संजीव गंगवा, कपूर सिंह बेनीवाल, जोगीराम खुंडिया, संदीप लांबा, सुरेंद्र रोहिल, चेयरमैन अजय गावड़, विजेंद्र बेनीवाल, रामचंद्र गंगवा, चेयरमैन सुरेंद्र, सोनू चारनौंद, राममेहर सैन, राजेश राजलीवाल, सुनील गोरछी, सत्यवान मिंगनीखेड़ा, सरजीत मुकलान, बलवंत बूरा व रविंदर गंगवा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचमुखी दरबार आकर देख लो भक्तों पर बरस रहा बाबा का प्यार देख लो’

## श्री पंचमुखी बालाजी धाम चौधरीवास में भव्य जागरण आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** कलयुग के सरताज हैं, भक्तों की रखते लाज हैं, लगावें नित्य हाजरी तो बनते सारे काज हैं अर्थात संकट मोचन पंचमुखी बालाजी की सच्चे हृदय से प्रतिदिन आराधना करने से सभी के बिगड़े काम क्षण भर में बन जाते हैं। इसलिए हमें नित्य बालाजी भगवान की आराधना करनी चाहिए। उक्त उद्गार परम पूज्य गुरुवर पवन कुमार ने निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में चल रहे 12 दिवसीय रजत जयंती हनुमान जयंती विशाल मेला महोत्सव में भव्य जागरण में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किए। विशाल जागरण से पूर्व बनारस से पहुंचे ब्राह्मणों के सहयोग से परम श्रद्धेय सोनू भाईजी, मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने महाआरती से पूरे मंदिर परिसर को आलोकित किया। आरती के उपरांत परम पूज्य गुरुवर पवन कुमार भाई जी ने केक काटकर बालाजी का जन्मोत्सव मनाया। भव्य जागरण में बाबा का गुणगान करने विख्यात कलाकार कन्हैया मित्तल चंडीगढ़, प्रियंका श्याम दीवानी खाटू धाम, गौरव पारिक दिल्ली, चैतन्य दाधिच जयपुर में अपने मधुर आवाज में सुंदर भजनों ‘श्री पंचमुखी सरकार है संकटमोचन कहलाते हैं, जो काम कोई कर नहीं सकता उसे मेरे बाबा करके दिखाते हैं’, ‘पंचमुखी दरबार आकर देखलो भक्तों पर बरस रहा बाबा का प्यार देख लो’, आदि भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सरकार की लापरवाही के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो गया है : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण बारिश होने से किसान की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो गई है जबकि कल हरियाणा में अनेकों जिलों में तेज हवा के साथ-साथ बारिश के कारण मंडियों में खुले में पड़ा गेहूं व सरसों भीग गया है। इसी प्रकार पहले भी हरियाणा में कई बार बारिश व हल्की बूंदा-बांदी के कारण काफी गेहूं व सरसों खराब हो चुका है जबकि मंडियों में अब तक लगभग 57.50 लाख मैट्रिक टन गेहूं आ चुका है जबकि गेहूं का उठान सिर्फ 30-35 प्रतिशत ही हुआ है जो ना के बराबर है। सरकार द्वारा गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान समय पर ना होने के कारण किसान व आढ़तियों में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को अपने वादे के अनुसार तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान करना चाहिए। गेहूं के उठान में जो भी सरकारी ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है सरकार को उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। गर्ग ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा 26-27 अप्रैल को हरियाणा में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है अगर मंडियों से गेहूं व सरसों का तुरंत उठान नहीं हुआ तो खुले में जो लगभग 37 लाख मेट्रिक टन गेहूं पड़ा है वह खराब हो जाएगा। सरकार को डबल शिफ्ट करके तुरंत गेहूं का उठान मंडियों से करना चाहिए।

# उकलाना नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन घनश्याम दास भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** उकलाना में भारतीय जनता पार्टी को उस सयम बड़ा झटका लगा जब उकलाना नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम दास कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा के नेतृत्व में भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। कुमारी सैलजा ने उनका स्वागत करते हुए कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि घनश्याम दास उकलाना के वरिष्ठ नेता हैं उनके आने से कांग्रेस पार्टी उकलाना में और मजबूत होगी। उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद पूर्व जिला परिषद चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि देश-प्रदेश में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को देखते हुए कांग्रेस में जन-जन की आस्था बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी जगन्नाथ, पूर्व वाइस चेयरमैन नगरपालिका उकलाना सुरेश गर्ग, पूर्व वाइस चेयरमैन नगर पालिका उकलाना राजेश, प्रधान व्यापार मंडल सुभाष फरीदपुरिया, पूर्व सरपंच राजेश भुटानी, विनोद मित्तल, बलराज गर्ग, कांग्रेस सेवा दल जिला प्रधान कपूर सिंह, डॉ जयभागवान, अजय बिश्नोई, सतीश दनौदा, संदीप पातड़ व रामफल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जेजेपी व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल के निवास पर पहुंची हिसार लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला का हुआ भव्य स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** हिसार लोकसभा से जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला अपने प्रचार के दौरान जेजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री विपिन गोयल के आवास पर पहुंची, जहां पर परिवार ने नैना चौटाला का गर्मजोशी से अभिवादन किया। विपिन गोयल की दादी श्रीमती इंद्रावती देवी ने नैना चौटाला को तिलक लगाकर जीत का आशीर्वाद दिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की जिस प्रकार दुष्यंत चौटाला ने सांसद रहते हुए हिसार की आवाज को संसद में उठाने का काम किया उससे भी ज्यादा आपकी आवाज को बुलंद करने का काम करूंगी। वहीं प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल ने कहा की दुष्यंत चौटाला की सबसे ज्यादा अगर काम कराने की प्राथमिकता रही तो वो हिसार रही है, चाहे हिसार में पासपोर्ट कार्यालय की बात हो,महाराजा अग्रसेन अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे को गति देने की बात हो, नई औद्योगिक नीति से व्यापार को सुगम करने की हो, व्यापारियों के जीएसटी में लंबित मामलों के हल के लिए हिसार में जीएसटी ट्रिब्यूनल की मंजूरी दिलवाई। गोयल ने कहा कि कॉलोनी वासियों ने जजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जितवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, डा. अजीत ओडीएम, सुनील मूंड, डा. राजकुमार दिनोदिया, पार्षद अनिल शर्मा, कैलाश गोयल, शिव कुमार कुलाना, तरुण गोयल, राजेश झाझडिया, रवि आहूजा, मोहित अरोड़ा, श्रवण बागड़ी, मुकेश गोयल, सरोज गोयल, कमलेश दिनोदिया, सुनीता गुप्ता, सुशीला गोयल, प्रीति जैन, कृति गोयल, सोनिया, सोनाली, खुशबू, मोना, रीना, सुधा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गुरु दक्ष आईटीआई में राष्ट्रीय अप्रैंटिसशिप एवं रोजगार मेला 30 अप्रैल को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 अप्रैल :** आर्यनगर, हिसार स्थित गुरु दक्ष औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), के मुख्य सभागार में आगामी 30 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य श्री औमप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले में देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनी आई.टी.सी. लिमिटेड, आर. आर. केबल लिमिटेड व विक्टोरा ऑटो प्राइवेट लिमिटेड भाग ले रही हैं। इसमें आई टी आई संबंधित सभी तकनीकी ट्रेडों के पासआउट छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिसशिप, नौकरी/जॉब के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान व नजदीकी क्षेत्र के आईटीआई व तकनीकी तौर कुशलता प्राप्त छात्रों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मुहैया करवाना हमारे संस्थान का प्रथम लक्ष्य है। व भविष्य में संस्थान मे उपलब्ध कोर्स इलेक्ट्रिशन, ड्राफ्ट्समैन सिविल, फिटर, वायरमैन व वैल्डर में प्रवेश प्राप्त कर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को रोजगार के अवसरों में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ताकि हर कौशलयुक्त हुनरमंद बेरोजगार युवा को रोजगार दिलवाया जा सके।




# अंतर्मुखी हो अंदर के व्यर्थ के प्रति सजग रह कर ही, उसे खत्म करने का सार्थक प्रयास किया जा सकता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



हम हर पल कुछ न कुछ सोचते रहते हैं, मतलब अंदर विचारों का प्रवाह चलता रहता है। हम उन पर गौर करें तो पाएंगे कि उनमें से ज्यादातर तो व्यर्थ के विचार होते हैं, मतलब उनका कोई सिर पैर नहीं होता और ज्यादा तर उनमें दोहराव होता है, अंदर में एक ही ट्यून बार बार बजती रहती है। अगर हम और ज्यादा बारीकी से देखें तो ये विचार कहीं न कहीं हमारे अंदर की भावनाओं से जुड़े होते हैं, यानी इमोशन्स उन्हें हवा दे रही होती हैं। नेगेटिव भावनाएं जैसे कि ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार, घृणा हमारे पर हावी होती है तो उससे नकारात्मक और व्यर्थ के संकल्प विकल्प अंदर उत्पन्न होते हैं और हमारा मन इन के चक्रव्यूह में ऐसा फंसता है और उनमें ऐसे जकड़ा हुआ महसूस करता है मानो बाहर से कोई फोर्स उसे विवश कर रही हो, जबकि साक्षी दृष्टा हो कर देखें तो सब कुछ अंदर में हम ही तो रच रहे होते हैं, हमारे संस्कार और भावनाएं ही तो भीतर काम कर रहे होते हैं इनके प्रति सजग होना ही तो अंतर्मुखी होना है और इससे ही हम अपने भीतर अपने ऊपर काम कर सकते हैं। अंदर अगर स्वार्थ, लोभ, लालच और अहंकार भरा है तो चाहे हम शुभ कर्म करें, पुण्य के काम करे पर उनका परिणाम शुभकारी और मंगलकारी हो ही नहीं सकता। एक बार यमदूत एक स्त्री को मरने के बाद उसके अन्तवाहक शरीर को लेकर आते हैं और चित्रगुप्त कहते हैं कि इस औरत के पूर्व कर्म बिलकुल अच्छे नहीं थे, इसने जीवन भर कोई पुण्य का काम नहीं किया था, इसलिए इसे नरक में ले जाओ। वह औरत चिल्लाने लगती है कि ऐसे कैसे हो सकता है, फिर वो याद करके बताती है कि उसने एक बार भूखे एक भिखारी को मूली दान में दी थी। चित्रगुप्त सारे खाते उलट पलट कर देखते हैं तो सच में ही उस स्त्री ने भूखे भिखारी को मूली खिलाई थी। इस पुण्य कर्म के बदले उसे थोड़ी देर के लिए स्वर्ग ले जाने का आदेश देते हैं। उसी समय एक मूली प्रकट होती है जिसे पकड़ कर उसे स्वर्ग जाना होता है। जैसे ही वह मूली को पकड़ कर ऊपर की तरफ उड़ने लगती है तो उसकी टांगों को पकड़ दूसरे नरक वासी भी उसके पीछे पीछे उड़ने लगते हैं। वह पीछे मुड़कर देखती है तो हैरान हो जाती है उसके पीछे कई और भी, एक के पीछे एक, पकड़े हुए उसके साथ स्वर्ग में आ रहे थे। अब उसके अंदर ख्याल आता है कि मूली तो उसने दान दी थी, ये सब लोग उसको पकड़ क्यों स्वर्ग में जा रहे हैं? सब को मेरे पुण्य का लाभ कैसे मिल रहा है? जैसे ही स्वर्ग का गेट आने वाला होता है,वह मूली को छोड़ देती है, वह भी वापस नरक में जा गिरती है और बाकी सब भी उसके साथ वही नर्क में जा पहुंचते हैं। कहने का अभिप्राय यह है कि स्वार्थ, लोभ और अहंकार से किया गया पुण्य कर्म भी हमें सद्गति में नहीं ले जा सकता।

**-डॉ. कमलेश कली।**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

